Phone & Fax no. 01360275052
e-mail : dfo_kalsi@rediffmail.com

# कार्यालय–प्रभागीय वनाधिकारी, कालसी भूमि संरक्षण वन प्रभाग, कालसी।

पत्रांक– 623 /12–1, कालसी, दिनांक, 19.09. 2022

सेवा में

अधिशासी अभियन्ता,
नलकूप खण्ड, देहरादून।
जी०एम०एस० रोड, महारानीबाग,
देहरादून।

विषय : जनपद–देहरादून के विकासखण्ड विकासनगर के अन्तर्गत ग्राम पपड़ियान, तौलीमूड़, लांघा ग्राम–पष्टा के लोअर पीपलसार एवं अपर रूद्रपुर ग्रामों की स्प्रिंकलर आधारित लिफ्ट सिंचाई योजना के निर्माण हेतु 0.18 है0 वन भूमि का नलकूप खण्ड, देहरादून को हस्तान्तरण। (ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या FP/UK/IRRIG/54975/2022)।

सन्दर्भ : सचिव, उत्तराखण्ड शासन, वन अनुभाग–03, पत्र संख्या–844/X-3-22/2(29)/2022, दिनांक 07.09.2022.

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि सचिव, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून के स्तर से जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त शर्तानुसार उक्त निर्माण कार्य के लिये प्रतिपूरक वनीकरण के लिये 360 पौधों का रोपण एवं उसमें 10 वर्षों के रखरखाव पर व्यय की देय धनराशि एवं एन०पी०वी० की धनराशि आपके द्वारा वन विभाग के पक्ष में जमा की जानी है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है–

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | क्षेत्रफल (है0 में) | दर प्रति है0 | देय धनराशि (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतिपूरक वनीकरण के लिये 360 पौधों का रोपण एवं उसमें 10 वर्षों के रखरखाव पर व्यय | 0.36 | 407992.00 | 146877.00 |
| 2 | एन0पी0वी0 की देय धनराशि | 0.18 | 1228590.00 | 221146.00 |
| | | | योग | 368023.00 |

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार धनराशि जमा करें एवं सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त समस्त शर्तों की अनुपालन आख्या 04 प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण में विधिवत स्वीकृति हेतु उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके।

संलग्नक : यथोपरि।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
कालसी भू0सं0 वन प्रभाग,
कालसी।

प्रतिलिपि : अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : वन संरक्षक, शिवालिक वृत्त, उत्तराखण्ड, देहरादून वन प्रभाग, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
कालसी भू0सं0 वन प्रभाग,
कालसी।

Scanned with OKEN Scanner